# निवेश से नौकरियों की बहार, दस ट्रेड में तो सौ प्रतिशत प्लेसमेंट

जितेंद्र उपाध्याय • जागरण

- डिप्लोमाधारकों की भी मल्टीनेशनल कंपनियों में पहले से बढ़ी मांग
- मैकेनिकल-आटोमोबाइल डिप्लोमा में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट

लखनऊ : प्रदेश में निवेश से पालीटेक्निक डिप्लोमाधारकों की मांग भी कंपनियों में लगातार बढ़ रही है। दस ट्रेड तो ऐसी हैं जिनमें 100 प्रतिशत विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। मैकेनिकल, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स, प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलाजी, सिविल, मैकेनिकल प्रोडक्शन और मैकेनिकल प्रोडक्शन, साइबर सिक्योरिटी और वेब डिजाइन जैसी ट्रेडों के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को नौकरी मिल गई है।

हिंडालको, मारुति सुजुकी व मदर्सन जैसी कंपनियों की ओर से डिप्लोमा के अंतिम वर्ष में ही एक हजार विद्यार्थियों को नौकरी के अवसर दिए गए। राजकीय पालीटेक्निक में पहली बार इतनी बड़ी कंपनियों की ओर से किए गए प्लेसमेंट में चयनित को चार से 10 लाख वार्षिक वेतन दिया गया।

राजकीय पालीटेक्निक के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन अधिकारी डा.एसपी सोनी ने बताया कि कई नामी कंपनियों की ओर से प्लेसमेंट किया जा रहा है। थाक वर्क कंपनी की ओर से देश के 10 राज्यों को भर्ती के लिए चुना गया और प्रदेश में राजकीय पालीटेक्निक पहला संस्थान है जहां विद्यार्थियों को नौकरी का अवसर दिया गया। मोहान रोड के गोविंद बल्लभ पंत राजकीय पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य केके श्रीवास्तव ने बताया कि आरक्षित श्रेणी के मेधावियों का 90 प्रतिशत चयन किया गया। लखनऊ पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य अनिल भारतीय और होवेट पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य कुंदन सिंह ने कहा कि अंतिम वर्ष के सभी विद्यार्थियों को मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी के अवसर दिए गए। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव व राजकीय पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य एसके सिंह ने बताया कि 100 प्रतिशत प्लेसमेंट देकर युवाओं को नौकरी के अवसर देने का प्रयास किया जा रहा है। सभी 154 संस्थानों में प्लेसमेंट का अभियान चल रहा है।

### प्रदेश पर एक नजर

| वर्ष | पंजीकरण | मेले | चयनित |
|---|---|---|---|
| 2019 | 2,85,350 | 685 | 1,03,202 |
| 2020 | 2,90,262 | 733 | 1,43,304 |
| 2021 | 3,45,947 | 869 | 1,47,499 |
| 2022 | 3,30,049 | 822 | 1,17,430 |
| 2023 | 4,72,929 | 1,891 | 2,07,428 |
| 2024 | 2,31,902 | 2,183 | 2,27,509 |

2,570 कंपनियों ने कराया पंजीयन

### लखनऊ में लगे रोजगार मेले

| वर्ष | पंजीकरण | मेले | चयनित |
|---|---|---|---|
| 2019 | 12,700 | 29 | 3,288 |
| 2020 | 16,791 | 19 | 3,088 |
| 2021 | 21,600 | 15 | 3,420 |
| 2022 | 23,460 | 16 | 3,540 |
| 2023 | 1,25,124 | 20 | 3,288 |
| 2024 | 6,600 | 47 | 6,273 |
| 2025 | 2,700 | 10 | 1,120 |



राजकीय पालीटेक्निक मे रोजगार के विषय में जानकारी देते संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव एसके सिंह • सौजन्य : संस्थान

**नर्स की भर्ती के लिए आवेदन 28 तक :** सेवायोजन विभाग की ओर से जापान में 50 केयर गिवर (पुरानी बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की सेवा करने वाले) के पदों की भर्ती के लिए पुरुष और महिला अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। नर्सिंग डिप्लोमा और एक वर्ष के अनुभव के साथ 20 से 27 वर्ष आयु के अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर 28 फरवरी तकक पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए लालबाग स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

| वर्ष | शामिल युवा | नौकरी मिली |
|---|---|---|
| 2021 | 516 | 384 |
| 2022 | 448 | 360 |
| 2023 | 425 | 364 |
| 2024 | 1847 | 1887 |

जिला सेवायोजन सहायता अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि इजरायल में पांच हजार नर्सिंग, केयर गिवर, असेस्टेंट नर्स के पद पर नर्सिंग डिप्लोमा और एक साल वर्ष का अनुभव रखने वाले पुरुष / महिला अभ्यर्थियों के आवेदन कर सकते हैं। 90 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। जर्मनी के लिए 250 असिस्टेंट नर्स की भर्ती होगी। उम्र 24 से 40 वर्ष है। जापान में 50 केयर गिवर की भर्ती होगी। आयु सीमा 20 से 27 वर्ष है।

सेवायोजन विभाग के पोर्टल में पिछले एक साल में 2,570 कंपनियों ने रोजगार देने के लिए पंजीयन कराया। प्रदेश में 1980 रोजगार मेलों के माध्यम से 2,11,665 युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी का अवसर दिया गया। एक साल में 1,73,922 नए युवाओं ने अपना पंजीयन कराया है।